भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3762 का उत्तर

कोयंबटूर रेलवे स्टेशन से नई रेलगाड़ी चलाना

3762. डॉ. गणपथी राजकुमार पी. :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि अनेक रेलगाड़ियां कोयंबटूर स्टेशन पर आए बिना ही पलक़ड़ मंडल की ओर मोड़ दी जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या कोयंबटूर रेलवे स्टेशन से नई रेलगाड़ी शुरू करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, कोयंबटूर 166 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित हैं, जिनमें दो जोड़ी वंदे भारत सेवाएं यथा 20641/20642 बेंगलुरु कैंट-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस (30.12.2023 से शुरू) और 20643/20644 एमजीआर चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस (08.04.2023 से शुरू) शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत करना सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, संसाधन उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

****